# INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

| | | |
|---|---|---|
| **Class:** 6 **3rd Lang.** | **Department: Hindi** | **Date :** |
| **Worksheet No: 4** | **Topic :** अर्थग्रहण | **Note: Pl. file in portfolio** |

निर्देश:- दिए गए गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के सही उत्तर पर (✓) लगाइए|

गोपाल कृष्ण गोखले का जन्म 9 मई, 1866 ई. को महाराष्ट्र में कोल्हापुर नामक ग्राम में हुआ था। इनके पिता कृष्णराव श्रीधर गोखले एक ग़रीब किंतु स्वाभिमानी ब्राह्मण थे। पिता के असामयिक निधन ने गोपाल कृष्ण को बचपन से ही सहिष्णु और कर्मठ बना दिया था।

गोपाल कृष्ण गोखले बचपन से ही सत्यवादी थे। एक बार उनके शिक्षक ने एक प्रश्न हल करने को दिया। दूसरे दिन जब उन्होंने



गृहकार्य देखा गया तो सभी बच्चों के उत्तर गलत थे। केवल गोपाल ने ही प्रश्न का सही उत्तर लिखा था। शिक्षक ने गोपाल को शाबाशी दी और सबके सामने उसकी प्रशंसा करने लगे। गोपाल ने उन्हें रोकते हुए रुँधे हुए गले से कहा - "गुरु जी, मैं इस प्रशंसा का अधिकारी नहीं हूँ। प्रश्न तो मेरे बड़े भाई ने हल किया है। इसलिए शाबाशी मुझे नहीं मिलनी चाहिए। " शिक्षक यह सुनकर बहुत प्रसन्न हुए और बोले, “इसमें रोने की बात नहीं है। तुमने सच बोला है इसलिए यह पुस्तक मैं तुम्हें पुरस्कार में देता हूँ। यह तुम्हें सदा सत्य बोलने को प्रेरित करती रहेगी।"

1. गोपाल कृष्ण गोखले का जन्म कब हुआ?

   *9 जून, 1876 ई.    *9 मई, 1866 ई.

   *19 मई, 1866 ई.    *9 मार्च, 1877 ई.

2. गोपाल कृष्ण गोखले के पिताजी का नाम क्या था?

   *माधव गोखले    *विद्याधर गोखले

   *नारायण गोखले    *कृष्णराव श्रीधर गोखले

3. गोपाल कृष्ण गोखले बचपन से कैसे थे?

*निडर थे *सत्यवादी थे

*ईमानदार थे *साहसी थे

4. गोपाल का गृहकार्य देखकर शिक्षक ने क्या किया?

*उसे मॉनिटर बना दिया|

*उसके भाई को बुलाया|

*उसकी प्रशंसा करने लगे।

*उसे डाँटने लगे|

5. शिक्षक ने गोपाल को पुरस्कार में क्या दिया?

*चॉकलेट * ट्रॉफी

*कलम *पुस्तक

- सही / गलत बताइए|

1. शिक्षक से अपनी प्रशंसा सुनकर गोपाल खुश हो गए थे। ( )
2. केवल गोपाल ने ही प्रश्न का सही उत्तर लिखा था। ( )
3. गोपाल का गृहकार्य उसके मित्र ने किया था| ( )
4. गोपाल ने अपने शिक्षक से सच बोला था| ( )

- दिए गए शब्दों के लिंग शब्द गद्यांश में से छाँटकर लिखिए|

शिक्षिका - ..................... बहन - .....................

- दिए गए शब्दों के विलोम शब्द गद्यांश में से छाँटकर लिखिए|

अमीर - ..................... असत्य - .....................

*********************